सतना | शनिवार | 3 जनवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 122 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

जनहित का प्रहरी 1934 से


5 ट्रंप ने ईरान को दी जंग की चेतावनी


6 रूठे कार्यकर्ता को मनाने लगा नेता


7 निर्यातकों के लिए सरकार की बड़ी मदद


8 अमीरा अरशद का 0.1 अंक से रोमांचक स्वर्ण

## एक नजर में

### डिजिटल घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय के जालंधर क्षेत्रीय कार्यालय ने शुक्रवार जानकारी दी कि टीम ने अर्पित राठौर के परिसर में तलाशी अभियान चलाया और उन्हें गिरफ्तार किया. यह गिरफ्तारी एसपी ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट मामले से संबंधित धनशोधन जांच मामले में की गई. अधिकारियों ने कहा कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण और 14 लाख रुपये नकदी जब्त की गई. ईडी ने लुधियाना के साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में बीएनएसएस, 2023 के अंतर्गत दर्ज एफआईआर के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की. इसी समूह से संबंधित साइबर अपराध या डिजिटल गिरफ्तारी के नौ अतिरिक्त एफआईआर को भी जांच में शामिल किया गया.

### गर्भपात के लिए महिला की इच्छा ही अंतिम : कोर्ट

**चंडीगढ़.** महिलाओं की शारीरिक स्वायतता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. अदालत ने कहा कि गर्भपात के लिए विवाहित महिला की अपनी इच्छा और सहमति ही सर्वोपरि है और इसके लिए पति की अनुमति न तो आवश्यक है और न ही कानून इसकी मांग करता है. हाईकोर्ट के जस्टिस सुवीर सहगल ने फतेहगढ़ साहिब की 21 वर्षीय महिला की याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया. महिला ने 16 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति मांगी थी.

# सीएम डॉ. यादव ने दिखाए कड़े तेवर

## आयुक्त को हटाया, इंदौर के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया को किया निलंबित



दिलीप यादव



रोहित सिसोनिया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 2 जनवरी. दूषित पेयजल के संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त एक्शन लिया है. सीएम के निर्देश के बाद अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और प्रभारी अधीक्षण यंत्री पीएचई संजीव श्रीवास्तव को निलंबित किया है. वहीं, आयुक्त नगर निगम दिलीप यादव को हटाकर मंत्रालय में पदस्थ किया गया है.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन स्वास्थ्य सरकार के लिये सर्वोपरि है. जन सुविधाओं की उपलब्धता में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बक्शा नहीं जायेगा. एसीएस दुबे ने भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी और अधिकारियों की लापरवाही करने की रिपोर्ट प्रस्तुत की. रिपोर्ट के आधार पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने आयुक्त दिलीप कुमार यादव को हटा दिया है और उन्हें मंत्रालय में पदस्थ करने के निर्देश दिए हैं. इधर अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. साथ मुख्य सचिव ने अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया का तबादला भोपाल उप सचिव पद पर करने के आदेश दिए है. श्रीवास्तव शहर की जलप्रदाय व्यवस्था के प्रभारी थे, लेकिन निलंबन जैसी कारवाई नहीं होना, सवाल खड़े करता है. मुख्य सचिव ने नगर निगम इंदौर में अपर आयुक्त पद पर तीन अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश भी जारी किए हैं. इनमें आईएएस आकाश सिंह और प्रखर सिंह तथा राज्य सेवा के आशीष पाठक को नगर निगम में पदस्थ किया है. तीनों अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं.

### हाईकोर्ट सख्त : दिए नोटिस, रिपोर्ट में केवल चार मौतें बताई

**इंदौर.** भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों और सैकड़ों नागरिकों के बीमार पड़ने के मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए निगमायुक्त और अपर आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. कोर्ट ने साफ कहा है कि इस गंभीर घटना से जुड़े सभी तथ्यों को शपथ-पत्र के साथ पेश किया जाए.


इंदौर में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की अवकाशकालीन विशेष युगलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस डीडी बसंल और जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी की पीठ ने राज्य सरकार से सख्त सवाल किए. सरकार की ओर से पेश की गई 39 पेज की स्टेटस रिपोर्ट में यह स्वीकार किया कि दूषित पानी के कारण इंदौर में चार लोगों की मौत हुई है.

हाईकोर्ट के समक्ष बताया कि अब तक 294 नागरिकों को उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती करना पड़ा, जिनमें 32 मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है और वे आईसीयू में हैं. 93 मरीजों को उपचार के बाद छुट्टी दी जा चुकी है, जबकि 201 मरीज अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं. कोर्ट ने इन आंकड़ों को रिकॉर्ड में लेते हुए स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के संकेत दिए हैं. सुनवाई के दौरान कोर्ट को यह भी अवगत कराया गया कि भागीरथपुरा थाना क्षेत्र के समीप जल आपूर्ति के प्रदूषण बिंदु की पहचान की जा चुकी है और दूषित जल आपूर्ति का कारण बनी संरचना को हटाया गया है.

कोर्ट के समक्ष यह जानकारी भी रखी गई कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह मामला केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा और अगली सुनवाई में जवाबदेही तय करने की दिशा में ठोस जवाब अपेक्षित हैं. न्यायालय ने याचिकाओं पर अगली सुनवाई 6 जनवरी को तय करते हुए सरकार से विस्तृत स्थिति रिपोर्ट और आगे की कार्यवाई का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

# राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा

- 16 जिलों के युवाओं से भागवत ने किया संवाद
- भारत का युवा जाग गया है वह देश को समर्थ बनाएगा



**भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से भोपाल में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हमारे मत, पंथ, सम्प्रदाय, भाषा और जाति अलग हो सकते हैं, लेकिन हिन्दू पहचान हम सबको जोड़ती है। हम सबकी संस्कृति एक है, धर्म एक है और हमारे पूर्वज भी समान हैं।**

मंच पर मध्यभारत प्रान्त के संघचालक श्री अशोक पांडेय और भोपाल विभाग के संघचालक श्री सोमकान्त उमालकर उपस्थित रहे। इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास भोपाल में हुआ। प्रवास के पहले दिन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में उन्होंने 16 जिलों से आए युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि संघ अपने जन्म से ही लक्ष्य लेकर चल रहा है कि अपने धर्म-संस्कृति का संरक्षण कर, अपने भारत को परम वैभव पर लेकर जाना है। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत का युवा जाग गया है वह देश को समर्थ बनाएगा.

### हार्ट टू हार्ट पहुंचने की कोशिश

दीपक विस्पुते ने कहा विरोधियों ने कभी संघ को समझने का प्रयास नहीं किया. संघ वर्ष 1925 में नागपुर से प्रारंभ हुआ. संघ स्वामी विवेकानंद की तीन बातों का अनुसरण करते हुए काम करता है. पहली बात भारत के समाज को आर्गनाइजेशन सीखना पड़ेगा. दूसरा भारत में मैन मेकिंग यानी व्यक्ति के निर्माण की प्रक्रिया जरूरी है और तीसरी बात आने वाले 50 साल के लिए देश को प्राथमिकता पर रखना. उन्होंने कहा संघ 100 वर्ष पूरे होने पर उत्सव नहीं मना रहा है, बल्कि डोर टू डोर मैन टू मैन और हार्ट टू हार्ट पहुंचने की कोशिश कर रहा है.

# 90 से ज्यादा देशों में होंगे डिफेंस विंग

### 45 देशों में भारत के डिफेंस विंग थे वर्ष 2024 में

### 2026 तक तीस करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य

**नई दिल्ली, 02 जनवरी. भारत ने दुनिया भर में अपने डिफेंस विंग की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है. साल 2024 तक कुल 45 देशों में भारत के डिफेंस विंग थे. वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 52 हो गई है. साल 2032 तक 90 से ज्यादा देशों में डिफेंस विंग खोलने का लक्ष्य रखा गया है.**



विभिन्न देशों में भारतीय दूतावासों या उच्चायोगों में खुली डिफेंस विंग में डिफेंस अताशे तैनात होते हैं, जो तीनों में से किसी भी सेना के बड़े अफसर हो सकते हैं. बड़े देशों में जरूरत के मुताबिक एक से ज्यादा डिफेंस अताशे भी रखे जा सकते हैं. सेना के मुताबिक इस मुहिम का उद्देश्य सैन्य गठबंधन करना नहीं है, बल्कि रक्षा सहयोग बढ़ाना है क्योंकि युद्ध के अलावा मानवीय सहायता, आपदा राहत, शांति सेना, आतंकरोधी सहयोग जैसे क्षेत्रों में भी सेना का महत्व बढ़ रहा है. किसी अन्य देश में तैनात ये अधिकारी राजनयिक स्तर पर अपने देश के सैन्य हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं. विएना कन्वेंशन के तहत उन्हें राजनयिकों के समान विशेषाधिकार और इम्युनिटी मिलती है. डिफेंस अपने देश की सैन्य नीतियां, दृष्टिकोण और प्राथमिकता साझा करते हैं. मित्र देशों से सैन्य सहयोग मजबूत करने के अलावा इस मुहिम का एक लक्ष्य भारत का रक्षा निर्यात बढ़ाना भी है, जो फिलहाल 100 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है. यह मुहिम स्वदेशी हथियारों के लिए नया बाजार उपलब्ध कराने की दृष्टि से भी अहम साबित होगी. भारत ने मार्च 2026 तक 30,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है.

## एयरबेस पर अपग्रेडेड रनवे का उद्घाटन

**नई दिल्ली, 02 जनवरी.** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के कार निकोबार में भारतीय वायुसेना के एयर बेस पर अपग्रेडेड रनवे का उद्घाटन किया. सुबह करीब 11:30 बजे कार निकोबार पहुंचे सीडीएस का वाइस एडमिरल अजय कोचर, अंडमान-निकोबार कमांड के कमांडर-इन-चीफ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया. अधिकारी ने बताया कि सीडीएस ने री-सर्फेस्ड और अपग्रेडेड रनवे का उद्घाटन किया, जो पूर्वी मोर्चे को मजबूत बनाएगा. यह रनवे मलक्का जलसंधि पर सीधी नजर रखता है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण रास्ता है. इससे वायुसेना को तेज हवाई अभियान चलाने की ज्यादा क्षमता मिलेगी.






# गुजरात के पूर्व कलेक्टर अरेस्ट

- 1500 करोड़ की जमीन घोटाले का मामला
- ईडी की टीमों ने गांधीनगर आवास पर की छापेमारी

**सुरेंद्रनगर, 02 जनवरी. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के सुरेंद्र नगर जिले के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को 1500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार किया है.**

शुक्रवार को ईडी की तीन टीमों ने गांधीनगर स्थित उनके आवास पर छापेमारी की, जिसके बाद लंबी पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया. यह कार्रवाई सुरेंद्रनगर जिले में एनए (नॉन-एग्रीकल्चर) भूमि रूपांतरण से जुड़ी कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच का हिस्सा है.



यह कार्रवाई 23 दिसंबर 2025 को की गई छापेमारी के बाद हुई, जब ईडी ने तत्कालीन सुरेंद्रनगर कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के ठिकानों पर रेड की थी. उसी दिन ईडी के एक अधिकारी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), सुरेंद्रनगर में राजेंद्र पटेल, चंद्रसिंह मोरी, कलेक्ट्रेट क्लर्क मयूर गोहिल और कलेक्टर के निजी सहायक जयराजसिंह जाला के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी.

# पीएम नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली, 02 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली के राय पिथौरा कल्चरल कॉम्प्लेक्स में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की ग्रैंड इंटरनेशनल प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे. यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे शुरू होगी, जिसका शीर्षक द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन है.**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के नेक विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है.



यह हमारे युवाओं और हमारी समृद्ध संस्कृति के बीच के बंधन को और गहरा करने का भी प्रयास है. मैं उन सभी लोगों की सराहना करता हूं, जिन्होंने इन पवित्र अवशेषों को स्वदेश वापस लाने में योगदान दिया.

**अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन** | जहां अंधेरा है वहां प्रकाश फैलाना सनातन : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# रामायण को राष्ट्र ग्रंथ घोषित किया जाए : रामभद्राचार्य



**जबलपुर, 02 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन को देखें तो अनेक जटिल प्रश्नों के उत्तर आसानी से मिल जाते हैं.**

भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के माध्यम से दुनिया में भारत का नाम है. जहां अंधेरा है, वहां प्रकाश फैलाना ही सनातन संस्कृति है. इसी भाव से हमारे आदर्श भगवान श्रीराम ने लाखों वर्ष पहले अन्याय और अत्याचार की समाप्ति के लिए कार्य किया. वैसे तो भारतीय सनातन संस्कृति में 33 करोड़ देवी-देवताओं का उल्लेख है, लेकिन भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी. ऐसे ऐतिहासिक आधार के कारण भारत विश्व गुरु की संज्ञा प्राप्त करता रहा है.

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ऋषि जाबाली की पावन भूमि-जबलपुर में वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का यह आयोजन अद्भुत है.

स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि राम शब्द में रा का अर्थ है राष्ट्र और म का अर्थ है मंगल अर्थात् जिसके द्वारा राष्ट्र का मंगल होता है, उसका नाम राम है. स्वामी रामभद्राचार्य जी ने सुझाव दिया कि वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता इसी में है कि रामायण को राष्ट्र ग्रंथ घोषित कर दिया जाए.